हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

04 नारी शक्ति संगठन की सक्रिय भूमिका रही...



07 ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटाने की मांग की





## समाचार संक्षेप

### महादेव संगठन की बैठक संपन्न हुई

**राघौगढ़।** महादेव संगठन की बुधवार रात को बैठक संपन्न हुई जिसमे संगठन के आगामी त्यौहार शिवरात्रि पर्व की रुपरेखा बनाई गई । जिसमें महादेव संगठन के उपाध्यक्ष पंकज सैनी की उपस्थिति मे संघठन की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से नवीन उपाध्यक्ष रोहित सैनी (भरसुला बाले )कोषाध्यक्ष- राहुल पटवा / पंकज शर्मा ( महाराज)अखाडा सयोजक - सचिन साहू अखाडा व्यवस्थापक - बलराज मेर पालकी एवं आयोजन साज सज्जा - जयंक पटवा पंकज सैनीमहामंत्री - राजीव सैनी, सह सचिव - रोहित कसेरा (डब्बू)सचिव - कान्हा सैनी मिडिया प्रभारी- मोहित बैरागीस्टार प्रचारक- विशाल शर्मायुवा उपाध्यक्ष- कुलदीप मेऱ,संगठन पूर्ण रूप रेखा - विकास जैन, बसंत सोनी को बनाया गया।



### सोमनाथ मंदिर के चमत्कारी शिवलिंग के अंश आए गुना भक्तों ने दर्शन कर देखा चमत्कार

**गुना।** आर्ट ऑफ लिविंग गुना द्वारा बुधवार को मानस भवन गुना में महारुद्रपूजा एवं सत्संग कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि सोमनाथ मंदिर के जिस विशाल शिवलिंग को 1हजार साल पहले महमूद गजनवी ने नष्ट कर दिया था उसके अंश के रूप में गुना आए 2 शिवलिंगों के नगर के गणमान्य जनों सहित बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने दर्शन एवं आरती की ओर शिवलिंग के चमत्कार को देखा। कार्यक्रम में आए आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी शिवतेज जी द्वारा महारुद्रपूजा संपन्न कराई ओर उन्होंने 1हजार वर्ष पुराने सोमनाथ के शिवलिंग के चमत्कार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसे मोहम्मद गजनी ने 18 वे आक्रमण में ध्वस्त कर दिया था उसके अंश से बने यह दो शिवलिंग थे जिसे भक्तों के दर्शनार्थ हेतु गुना लाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल, क्रांतिवीर तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ किशन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास जैन नखराली सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य एवं भक्तजनों ने उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर महारुद्रपूजा यजमान बालकृष्ण अग्रवाल, देवेंद्र जी सिकरवार, राजेश मारवाड़ी, शेखर वशिष्ठ, मुकुल भटनागर, आयांश अग्रवाल,मयंक अग्रवाल, अरविंद त्यागी, दिनेश शर्मा वेलकम, अजय शर्मा, मनोज तिवारी, मनोज जैन, सुरेंद्र वशिष्ठ, नरेंद्र गर्ग, विकास भार्गव, सुधा जंगलबा, प्रशांत सक्सेना, रवि मंगल ने आदि सदस्यों ने रुद्राभिषेक में हिस्सा लिया।



### जेसीआई गुना पायनियर ने किया माता-पिता सम्मान समारोह आयोजन

**गुना।** जेसीआई गुना पायनियर द्वारा विगत तीन वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे माता-पिता सम्मान समारोह एवं परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष शहर के एक निजी होटल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े 80 से अधिक अभिभावकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जेसीआई गुना पायनियर के सदस्यों द्वारा अभिभावकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत, अंताक्षरी एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका सभी अभिभावकों ने आनंद लिया। पूरे आयोजन में पारिवारिक सौहार्द और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला। अभिभावकों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जेसीआई गुना पायनियर की संपूर्ण टीम बधाई की पात्र रही। कार्यक्रम के कन्वीनर्स दीपाली विवेक सिंघल, शिवानी दीपक अग्रवाल, टिया मयंक अग्रेश, रुचि अंशुल तायल एवं प्राची नितेश बंसल रहे।





## सूने मकान में दिनदहाड़े सेंधमारी

# समूह से लोन पर लिए सास-बहू के 88 हजार रुपए और जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खटकिया में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखे करीब 88,800 रुपए नकद और चांदी के आभूषण साफ कर दिए। विशेष बात यह है कि चोरी गई यह राशि सास और बहू ने महिला समूह के माध्यम से बैंक से लोन के रूप में ली थी, जिसे उन्होंने घर में सुरक्षित रखा था। लोन की रकम पर थी चोरों की नजरपीड़िता अनीता कुशवाह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी सास बदाम बाई और गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर एक स्व-सहायता समूह चलाती हैं। बीते 9 दिसंबर को उनके समूह ने एसबीआई कुंभराज से 4 लाख रुपए का लोन लिया था। इस राशि में से अनीता और उसकी सास के हिस्से में 44,400-44,400 रुपए आए थे। अनीता ने यह कुल 88,800 रुपए एक थैले में भरकर कमरे के बेड पर तकिए



के नीचे छिपाकर रखे थे, साथ ही वहीं चांदी की करधनी (कमरपेठा) भी रखी थी।खेत पर गया था परिवार, पीछे से हुई वारदातघटना बीते शनिवार की है। सुबह करीब 9 बजे अनीता के पति चंदन अपना ऑटो लेकर बच्चों को स्कूल छोड़ने चले गए थे, वहीं अनीता भी घर का ताला लगाकर खेत पर अपनी सास के पास चली गई थी। शाम को जब पूरा परिवार वापस लौटा, तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। घर के एक कमरे की खिड़की का कांच टूटा हुआ था और अंदर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जब अनीता ने घबराकर बिस्तर के पास देखा, तो वहां केवल खाली थैला पड़ा मिला। चोरों ने नकदी और चांदी के जेवर बड़ी सफाई से पार कर दिए।पुलिस ने दर्ज किया मामला पीड़िता की शिकायत पर कुंभराज थाना पुलिस ने बुधवार शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चोर ने दिन के उजाले में गली वाले रास्ते से प्रवेश किया और खिडक़ी तोडक़र भीतर दाखिल हुआ। पुलिस अब संदिग्धों की तलाश कर रही है। बैंक लोन की राशि चोरी होने से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है, क्योंकि अब उनके सामने इस कर्ज की किश्तें चुकाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## लगातार बढ़ती सर्दी ने बच्चे और बुजुर्गों की बढ़ाई परेशानी

# सर्दी का सितम, बीमारी भी नहीं कम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर सहित समूचे जिले में कड़ाके की सर्दियों का दौर शुरू हो चुका है। सुबह-शाम के समय कठिन ठंड का प्रभाव महसूस होने लगा है। हालांकि दिन के समय हर तरफ खिलने वाली धूप और मौसम साफ रहने से शीत ऋतु का कोई खास असर महसूस नहीं होता। लेकिन सुबह-शाम के समय होने वाली सर्दी का इन दिनों मासूम बच्चों व बुजुर्गों की सेहत पर पड़ने वाला बुरा असर साफ नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों से सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार से पीढ़ित मासूम बच्चों व बुजुर्गों की सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में पहुंचने की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहरों में जहां सरकारी व निजी अस्पतालों तो वहीं ग्रामीण इलाकों में सामुदायिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में हर दिन इन रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या में आए दिन बढ़ोतरी हो रही है।



### इस तरह रहा पांच दिनों का तापमान

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रविवार | 27.6 | 10.5 |
| सोमवार | 26.5 | 9.9 |
| मंगलवार | 28.6 | 9.5 |
| बुधवार | 29.2 | 9.6 |
| गुरूवार | 28.4 | 9.3 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

### स्कूलों का समय बदला, कोचिंग देर शाम तक

सर्दी के चलते खासतौर पर मासूम बच्चे व बजुर्ग सदस्य अपने स्वास्थ्य सबंधी उपचार के लिए सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। सर्दी की मार का इंसानी जीवन पर पड़ने वाला बुरा असर अभिभावकों की चिंता बढ़ाने का काम कर रहा है। हालांकि कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल के निर्देश पर स्कूलों के समय में बदलाव तो कर दिया गया है, लेकिन कोचिंग सेंटरों पर लगने वाली देर शाम तक की क्लासेस बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं।

### चिकित्सकों की सलाह पर करें अमल

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि हर माता-पिता अपने कम उम्र बच्चों या बुजुर्ग सदस्यों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म व ऊनी कपड़ों को पहनाए। सुबह-शाम के समय घरों से बाहर निकलने के बजाय घरों के भीतर रहना की उचित समझें। वहीं बच्चों, बुजुर्गों व अन्य उम्र दराज सदस्यों को किसी किस्म के रोग लगने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पतालों में पहुंच कर डॉक्टरों से स्वास्थ्य जांच करवाएं।

### इन बातों का भी रखें विशेष ध्यान

- **सही कपड़े पहनें:** नमी सोखने वाली बेस लेयर और हवा से बचाने वाली बाहरी लेयर वाले कपड़े पहनें। अपने सिर, हाथों और पैरों को बचाने के लिए टोपी, दस्ताने और गर्म मोज़े पहनें।
- **अपनी स्किन को बचाएं:** नहाने के बाद रिच मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल करें और सूखी, खुजली वाली स्किन से बचने के लिए हाइड्रेटेड रहें।
- **साफ-सफाई बनाए रखें:** जर्म्स को फैलने से रोकने के लिए अपने हाथों को बार-बार साबुन और गर्म पानी से धोएं।
- **हाइड्रेटेड रहें:** खूब गर्म पानी और हर्बल चाय पिएं, क्योंकि ठंडे मौसम और घर के अंदर हीटिंग से सूखी हवा से डिहाइड्रेशन हो सकता है।
- **हेल्दी खाएं:** अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गर्म सूप, खट्टे फल, नट्स और दूसरी पौष्टिक चीज़ें खाएं। ज़्यादा चीनी, तले हुए खाने और ठंडे ड्रिंक्स से बचें।
- **नींद को प्राथमिकता दें:** मजबूत इम्यून सिस्टम के लिए 7-9 घंटे की अच्छी नींद लें।

### स्वास्थ्य के लिए यह उपाय भी हैं जरूरी

- **स्मोकिंग से बचें:** स्मोकिंग करने से सर्दियों में आपकी सांस की नली में इन्फेक्शन होने का खतरा ज़्यादा हो सकता है।
- **फ्लू का टीका लगवाएं:** वैक्सीनेशन के साथ अप-टू-डेट रहने से मौसमी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।
- **अपने घर को हवादार रखें:** सुबह थोड़ी देर के लिए खिड़कियां खोलें ताकि ताज़ी हवा अंदर आ सके, भले ही मौसम ठंडा हो।
- **पुरानी बीमारियों को मैनेज करें:** अपने हेल्थकेयर प्रोवाइडर से बात करते रहें, जो ठंड के मौसम में दिल की बीमारी या जोड़ों की समस्याओं को मैनेज करने के बारे में सलाह दे सकते हैं।

**सर्दी, खांसी, जुकाम होने पर तुरंत डाक्टरी सलाह लें।**

## वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, दोनों राज्यों के बीच आवागमन होगा सुगम

**मध्यप्रदेश–राजस्थान सीमा पर बांसाहेड़ा में पुल निर्माण अंतिम चरण में**

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा विधानसभा की विधायक प्रियंका पेची के प्रयास से राजस्थान सीमा पर स्थित ग्राम बांसाहेड़ा में निर्माणाधीन पुल का कार्य अब अंतिम चरण में पहुँच चुका है। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई इस महत्वपूर्ण परियोजना से दोनों राज्यों के बीच आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा। पुल के निर्माण से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच भी आसान होगी। इससे स्थानीय लोगों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। यह परियोजना क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। पुल के पूर्ण होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है, क्योंकि आवागमन सुचारु होने से व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी।जनहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुल निर्माण के अंतिम चरण में पहुँचने पर संतोष व्यक्त किया है और इसके शीघ्र लोकार्पण की अपेक्षा जताई है।



## शीघ्र होगा पैच वर्क,झूठी श्रेय की राजनीति न करें लोग: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका अध्यक्ष साविता अरविंद गुप्ता ने बताया की शहर की जज्जी बस स्टैंड से नानाखेडी तक की सडक मरम्मत के लिए पैच वर्क के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं,जो स्वीकृत हो चुकी है। शहर वासियों को शीघ्र ही एक दो दिन में पैच वर्क का कार्य एजेंसी से प्रारंभ करा लिया जायेगा तथा शीघ्र ही शहर वासियों को हो रही परेशानी से निजात मिलेगी तथा आवागमन में सुविधा होगी। नगर पालिका अध्यक्ष गुप्ता ने बताया की विगत परिषद की 26 सितंबर बैठक में हमारे द्वारा डामरीकरण कार्य हेतु प्रकरण परिषद के समक्ष रखे गए थे, किंतु कतिपय कारणों से प्रकरण स्वीकृत नहीं होने के कारण तत्काल पेच वर्क के लिए निविदायें आमंत्रित की गई थी जिन्हें पी आई सी द्वारा अनुमोदित कर निविदा आमंत्रित की गई थी,जिनमें एक निविदा तकनीकी त्रुटी के कारण तथा एक निविदाकार द्वारा अधिक दर से निविदा स्वीकृत नहीं की जा सकी थी।



श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता

### जज्जी बस स्टैंड से नानाखेड़ी तक डामरीकृत सड़क पर पैच वर्क

हमने तत्काल पुनः अल्पकालिक निविदा आमंत्रित कर स्वीकृत कर दी गई है, इससे शहर की जज्जी बस स्टैण्ड से नानाखेडी तक की डामरीकृत सड़क पर पेच वर्क का कार्य कराया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा की कुछ लोग नगर पालिका के कार्यों की जानकारी लेकर श्रेय की राजनीति कर रहे हैं तथा थोथा प्रचार कर चंदा करके पेच वर्क कार्य कराने का ढ़ोंग कर रहे हैं।यदि वह इमानदारी से शहर की सेवा करना चाहते हैं, तो उन्होंने 26 सितंबर को जब परिषद की बैठक में प्रकरण निरस्त हुऐ थे, तभी चंदा करके डामरीकरण कार्य करा लेना चाहिए था ।

उन्होंने कहा की नगर पालिका प्रशासन नियम से अपने स्तर पर कार्य करती है तथा नियम से ही कार्य होते हैं, जिनमें समय लगता है, इसके बावजूद भी हमने नगरीकों की तकलीफ को देखते हुऐ तत्काल पेच वर्क कार्य की निविदाएं जरी कर दी थी, जो अभी स्वीकृत हो चुकी हैं। शीघ्र ही नगरीकों को आवागम में सुविधा होगी एवं आगामी परिषद की बैठक में पुनः इस रोड़ का डामरीकरण कर नवीनीकरण कराने की स्वीकृति प्राप्त कर कार्य कराने का आश्वासन दिया है,क्योंकि यह सड़क शहर की जीवन रेखा होंने के साथ मुख्य सड़क है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में कृत्रिम गर्भाधान लक्ष्य की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसंचालक पशुपालन समर सिंह राठौड़ सहित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (एवीएफओ) एवं मैत्री उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने डॉक्टरों, एवीएफओ एवं मैत्री द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिनके द्वारा लक्ष्य के अनुरूप बेहतर कार्य किया जा रहा है, उनसे उनकी कार्यप्रणाली एवं सफलता के कारणों पर चर्चा की गई, वहीं अपेक्षित प्रगति न करने वालों को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान का निर्धारित लक्ष्य फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मैत्री द्वारा दिए गए सुझावों को संकलित कर प्रस्ताव के रूप में भोपाल भेजने के निर्देश दिए, ताकि उनके मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। बैठक में कलेक्टर ने उपसंचालक पशुपालन को निर्देशित किया कि प्रतिदिन रात्रि 9 बजे नियमित रूप से सभी संबंधित अमले की मॉनिटरिंग की जाए तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ कर्मियों को 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं मैत्री से अपेक्षा की कि विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर पशुपालकों तक पहुंचे और लक्ष्यपूर्ति में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए।





### कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुरानी कलेक्ट्रेट कैंपस एवं सिविल लाइन कैंट क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न शासकीय निर्माण कार्यों की प्रगति एवं आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पंजीयन कार्यालय, जनपद कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय भवन एवं मल्टीलेवल पार्किंग, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

## नगरपालिका की एक्यूआई 50 पर लाने की कवायद शुरू, वर्तमान में 70 है

# दिल्ली-मुंबई जैसे हालात न हों, इसलिए गुना में रात 9 बजे से सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में बढ़ते प्रदूषण के बीच गुना प्रशासन ने शहर की आबोहवा को और अधिक शुद्ध बनाने के लिए मिशन 50 पर काम शुरू कर दिया है।

कलेक्टर किशोर कन्याल के अनुसार, वर्तमान में गुना का एयर क्वालिटी इंडेक्स 70 के करीब है। हालांकि यह बड़े महानगरों दिल्ली, मुंबई जहां एक्यूआई 500 तक पहुंच जाता है की तुलना में काफी बेहतर है, लेकिन प्रशासन का लक्ष्य इसे नॉर्मल यानी 50 के स्तर तक लाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए नगर पालिका ने सडक़ों पर जमी धूल को हटाने का विशेष रात्रिकालीन अभियान शुरू किया है।

### रात 9 बजे शुरू हुआ सफाई का महाअभियान

प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री की पहल पर बुधवार रात 9 बजे से शहर के मुख्य मार्ग ए.बी. रोड पर सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी और सभी पार्षदों के समन्वय से जज्जी बस स्टैंड से लेकर हनुमान चौराहे तक डिवाइडरों के किनारे जमी धूल को साफ किया गया। इस दौरान स्वच्छता विभाग के सभी 5 जोन प्रभारी और मेटों की टीम ने पूरी मुस्तैदी से कार्य किया।सफाई के दौरान उड़ती धूल से नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष सावधानी बरती गई।



सडक़ों के किनारों से निकाली गई धूल को तत्काल ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर शहर से बाहर भिजवाया गया।

सीएमओ मंजुषा खत्री ने बताया कि हवा में मौजूद धूल के कण (डस्ट पार्टिकल्स) वायु प्रदूषण का मुख्य कारण हैं, जिससे सांस संबंधी समस्याएं होने का खतरा रहता है। शहर को धूल मुक्त बनाने के लिए यह रात्रिकालीन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

कलेक्टर किशोर कन्याल ने स्पष्ट किया कि यद्यपि गुना की स्थिति अभी चिंताजनक नहीं है, फिर भी भविष्य की सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाना अनिवार्य है।

50 के एक्यूआई लेवल को प्राप्त करने के लिए सडक़ों की सफाई के साथ-साथ वृक्षारोपण और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपायों पर भी जोर दिया जा रहा है। नगर पालिका की इस सक्रियता से शहरवासियों को जल्द ही प्रदूषण रहित और स्वच्छ वातावरण मिलने की उम्मीद है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, क्षेत्रीय एवं ग्रामीण अंचल में हर्ष की लहर

**आरोन।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को उनके दीर्घकालीन सार्वजनिक जीवन, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण बन गया है। विशेष रूप से क्षेत्रीय एवं ग्रामीण अंचलों में उनके समर्थकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में उत्साह देखने को मिला।वरिष्ठ नेता इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि दिग्विजय सिंह का राजनीतिक जीवन सादगी, जनसंवाद और विकासोन्मुखी सोच के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी ग्रामीण अंचलों को मिल रहा है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें आज भी एक जनप्रिय नेता के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त है।अवॉर्ड की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की गई और इसे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया गया। विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने कहा कि यह सम्मान दिग्विजय सिंह जी के समर्पित सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। युवा नेता बंटी राजपूत का कहना है कि दिग्विजय सिंह हमेशा आमजन की आवाज बने रहे हैं और उनका यह सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रभर में बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। खुशी व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, वरिष्ठ कांग्रेसी गजानंद पटेल, पंडित रामबाबू शर्मा, मेहरबान सिंह धाकड़,अरविंद श्रीवास्तव, गोपाल सोनी, रामलला यादव, राजाराम रघुवंशी, महेश ग्वाल, महावीर देवरी, अशोक रघुवंशी,गजेंद्र रोरिया,गौतम सराई, सुरेंद्र पनवाड़ी, लक्ष्मण यादव, राजू देवरी,आवेद खान, खुर्रम खान, अरविंद साहू, बृजमोहन यादव, राजीव रघुवंशी, जीतू गोविंदपुर, केपी बागड़ी, राजीव धाकड़, फारुख खान, शकील खान, हीरालाल अहिरवार, रामेश्वर साहू, माशूक जैन, अजय दुबे, तीरथ ठेकेदार, गंगाराम अहिरवार, शिवकुमार उपरिंग, योगेश शर्मा,मुकेश पटेल, प्रमोद साहू, कमल अहिरवार,सोनू ग्वाल, लालू साराई, भूपेंद्र ओझा, रितेश रघुवंशी, मनोज ओझा, हिम्मत कुशवाहा, अर्जुन मीणा, आदि शामिल रहे।




### पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजनाः दिग्विजय सिंह के साथ चाचौड़ा प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से की मुलाकात

**चाचौड़ा।** पार्वती–कालीसिंध–चंबल लिंक बृहद परियोजना से प्रभावित किसानों एवं ग्रामीणों के हितों को लेकर चाचौड़ा क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद दिग्विजय सिंह के साथ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की। बैठक में डूब प्रभावित क्षेत्र, कृषि भूमि, आजीविका, संभावित विस्थापन तथा पर्यावरणीय प्रभावों पर चर्चा की गई।प्रतिनिधि मंडल ने बड़े बांध के स्थान पर छोटे बांधों अथवा वैकल्पिक जल संरचनाओं पर विचार करने की मांग रखी, जिससे किसानों को न्यूनतम नुकसान हो और विस्थापन की स्थिति न बने। केंद्रीय मंत्री ने प्रस्तुत बिंदुओं पर संवेदनशीलता के साथ विचार करने एवं तकनीकी, सामाजिक व पर्यावरणीय पहलुओं का मूल्यांकन कर किसानों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया।इस दौरान जलशक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल में देवेंद्र मीना, श्याम मीना, संजय मीना, रोहित मीना, सौरभ यादव, दीपक यादव, ब्रजेश मीना, वीरेंद्र सिंह एवं देवेंद्र सिंह शामिल रहे।



### गुना सेन समाज का अध्यक्ष विधि शपथ समारोह संपन्न

# नारी शक्ति संगठन की सक्रिय भूमिका रही, सराहनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सेन समाज गुना द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष के विधि शपथ समारोह का आयोजन नगर के एक निजी होटल में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष, युवा प्रतिनिधि, महिला संगठन की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ सामाजिक एकता एवं समरसता के संदेश को आगे बढ़ाना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह के दौरान अध्यक्ष ने समाज के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सेन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा दिलीप सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेन समाज निरंतर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में समाज शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता एवं संगठन विस्तार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने युवाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए संगठन से जुड़कर सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में नारी शक्ति संगठन की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। संगठन से जुड़ी महिलाओं ने अपने विचार रखते हुए बताया कि नारी शक्ति संगठन महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और सेन समाज महिलाओं को नेतृत्व एवं निर्णय प्रक्रिया में आगे बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है।नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं को संगठन से जोड़कर सामाजिक विकास को गति देने, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों पर विशेष ध्यान देने तथा समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।समारोह के अंत में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष को आशीर्वचन प्रदान किए गए। आयोजकों द्वारा उपस्थित अतिथियों, समाजजनों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## पेंशनर संघ चांचौड़ा का मिलन समारोह किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

पेंशनर संघ चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा स्थानीय कम्युनिटी हॉल चाचौड़ा में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनरों की उपस्थिति रही।इस अवसर पर सचिव अब्दुल हमीद खान ने पेंशनरों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि पीपीओ (PPO) और आधार कार्ड में नाम समान होना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने पेंशनरों को सलाह दी कि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए पत्नी का खाता सुरक्षित रूप से खुलवाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पेंशनर को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं।पेंशनर संघ में विशेष रूप से अनु विभागीय अधिकारी रवि मालवीय ,तहसीलदार मयंक खेमरियाभी उपस्थित थे कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की।इस अवसर पर कैलाशनाथ (अध्यक्ष), मुरलीधर सेन (प्रचार सचिव), शंभू सिंह (संस्थापक), हरिनारायण मेयर (उपाध्यक्ष), दिनेश कुमार श्रोत्रिय (प्रांतीय सचिव), प्रदेश कुमार शर्मा (कोषाध्यक्ष), घनश्याम श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष), मोहन प्रसाद पालीवाल (उपाध्यक्ष), अमित बैरागी (सचिव), हरिसिंह करंदर (संगठन मंत्री) सहित अलीम खान, गोपाल शर्मा, दामोदर, नाथूलाल सेन, गन्नालाल अहिरवार, रामस्वरूप जादौन, जसपाल सिंह भील, ओमप्रकाश शर्मा, सूरजलाल माली, हरिसिंह भील, पुरुषोत्तम पंडित, बाबूलाल संत, गंगाराम माली, मूलचंद कुशवाह एवं समस्त पेंशनर संघ चाचौड़ा के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशनरों को आपसी संवाद, जानकारी साझा करने एवं समस्याओं के समाधान हेतु जागरूक करना रहा। बैंक मैनेजर एसबीआई चाचौड़ा भी कार्यक्रम में मौजूद थे



### विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने पार्वती बाई अहिरवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर दी शुभकामनाएं

**आरोन।** नगरपरिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पमाला भेंट कर मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने अपने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकाल के अनुभव भी साझा किए और संगठन को मजबूत करने के लिए मिल जुल कर कार्य करने का संदेश दिया।श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार ने इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, विधायक जयवर्धन सिंह, विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन सहित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरी उतरने का प्रयास करेंगी।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने की खुशी में उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश ,वरिष्ठ कांग्रेसी इफ्तेखार हुसैन भाईजान, पंडित रामबाबू शर्मा, मेहरबान सिंह धाकड़,फारूक वेग, अरविंद श्रीवास्तव, राजाराम रघुवंशी,गोपाल सोनी, राजीव रघुवंशी, बृजमोहन यादव, तीरथ ठेकेदार, शकील खान, जीतू गोविंदपुर, केपी बागड़ी, शिवकुमार उपरिंग, योगेश शर्मा, बंटी राजपूत, अंकित बारोद, आदिल वेग, गंगाराम अहिरवार, कमल अहिरवार,राजू ओझा, सोनू ग्वाल, भूपेंद्र ओझा, मनोज ओझा, राकेश जाटव ,दीपक अहिरवार,सहित अनेक कांग्रेसजन के नाम शामिल है।



# भागवत कथा में मनाया धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के टॉकीज गली स्थित गोस्वामी उत्सव वाटिका परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित श्री रामसेवक शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान के विभिन्न अवतारों की प्रेरक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा में पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर पृथ्वी को पापों के भार से मुक्त करते हैं। उन्होंने भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को भगवान की भक्ति से रोकने के लिए अनेक अत्याचार किए, किंतु अंततः भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की और अधर्म का अंत किया।उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा के माध्यम से समझाया कि मनुष्य सुख के समय भगवान को भूल जाता है, किंतु संकट आने पर ही ईश्वर को स्मरण करता है। गजेंद्र भी जब तक सुरक्षित था, सांसारिक मोह में लिप्त रहा, लेकिन ग्राह द्वारा पकड़े जाने पर भगवान को पुकारा, तब भगवान ने आकर उसकी रक्षा की।



समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं और दैत्यों द्वारा किए गए प्रयासों के बाद भी अमृत से वंचित रहना इस बात का प्रतीक है कि जो भगवान से विमुख होता है, उसकी संपत्ति और प्रभुता स्थायी नहीं रहती। इसी क्रम में वामन अवतार, राम अवतार तथा कृष्ण अवतार की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा के अंत में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उल्लासपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया। जैसे ही "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" की मधुर धुन गूंजी, पूरा पंडाल भक्ति भाव से झूम उठा। श्रद्धालु नाचते-गाते हुए नंदोत्सव में शामिल हुए ।

## चायनीज के विनिर्माण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध के साथ प्रतिबंधात्मक आदेश

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत पशु-पक्षियों एवं मानव जीवन की सुरक्षा, लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अशोकनगर जिले की राजस्व सीमान्तर्गत चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी, कपास के साथ लेपित मांझा) के विनिर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं उसका उपयोग तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

जारी आदेशानुसार अशोकनगर जिले में आयोजित पतंग महोत्सव एवं अन्य अवसरों पर नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के उपयोग से पशु-पक्षियों के साथ-साथ मानव जीवन पर नुकसान होने की संभवाना बनी रहती है। उक्त लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के कारण जिला अशोकनगर अंतर्गत कोई दुर्घटना न हो इसके लिए जिला अशोकनगर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश पारित करने की आवश्यकता है। नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) का इस्तेमाल मनुष्यों और पशु-पक्षियों दोनों के जीवन के लिए हानिकारक है। इसके उपयोग से होने वाली घटनाओं के कारण जिले में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पशु-पक्षियों एवं मानव के जन-जीवन एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के विनिर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं उसके उपयोग पर तात्कालिक प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना समय की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से संबंधित थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांझे के विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय स्थलों का निरीक्षण कराकर उक्तादेश का पालन कराना सुनिश्चित करायें।समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी जिला अशोकनगर अपने-अपने अनुभाग क्षेत्रों में प्रतिबंधित मांझे के विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय एवं उपयोग पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित कराएं। इस आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति/संगठन/संस्था/समूह के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया ग्राम पंचायत मथाना का भ्रमण



**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा गुरूवार को विकासखंड मुंगावली के ग्राम पंचायत मथाना का भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्राम में स्व सहायता समूहो की बैठक में भाग लिया। इस दौरान ग्राम संगठन अध्यक्ष फूलकुमारी अहिरवार द्वारा बताया गया कि ग्राम में 15 स्व सहायता समूह संचालित है। समूह द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बांस आधारित गतिविधि को बड़े पैमाने पर कराए जाने एवं उच्च गुणवत्ता के बांस के खिलौने,फर्नीचर,सजावट के समान एवं अन्य उत्पादों के निर्माण कराये जाने एवं आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश दिये गये। जिससे गांव को बांस उत्पादों के विक्रय एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकें। बांस उत्पादों की गतिविधियों से समूह सदस्यों को अतिरिक्त आय उपलब्ध हो सके। इस दौरान ग्राम में एक बगिया मां के नाम अंतर्गत लगाई गई बगिया का निरीक्षण कर सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद मुंगावली आलोक प्रताप सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा, जनपद पंचायत मुंगावली स्टाफ एवं स्व सहायता समूह की दीदियों के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल अशोकनगर में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

बाल विवाह को रोकने 100 दिवस में जागरूकता जरूरी है। दूर दराज में महिलाओं और बच्चियों में जागरूकता हो। बाल विवाह एक गंभीर अपराध है जो बच्चों के खुशहाल बचपन के अधिकार को छीन लेता है। कई युवा लड़कियों को कम उम्र में शादी करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें मानसिक तनाव, शारीरिक समस्याओं और शिक्षा के कम अवसरों का सामना करना पड़ता है। यह बात सचिब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर मनीष अनुरागी ने महिला एवं बाल विकास की बाल कल्याण समिति एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गुरूवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बृज किशोर शर्मा अध्यक्ष बाल न्याय पीठ, विशेष अतिथि हेमन्त कुशवाह जिला विधिक सहायता अधिकारी, विशेष अतिथि नम्रता नायक सदस्य बाल न्याय पीठ, स्कूल प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार जैन, एसजेपीयू में सदस्य कुमार संभव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बृज किशोर शर्मा ने कहा बाल विवाह करना एक अपराध है। सोशल मीडिया के माध्यम से आप लोग इस कार्यक्रम को जन जन तक पहुचायें। विशेष अतिथि हेमन्त कुशवाह ने कहा विश्व भर में, बाल विवाह को एक अपराध और एक सामाजिक समस्या के रूप में देखा जाता है। जिसे रोकना आवश्यक है। बाल विवाह मुक्त भारत के तहत, 100 दिवस तक बाल विवाह, कम उम्र में और जबरन विवाह करना अपराध है। इसी क्रम में नम्रता नायक ने कहा कम उम्र में बाल विवाह करना कानून अपराध है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम पूरे जिले में होना चाहिए जिससे लोगों में जागरूकता आए।

### शाढ़ौरा नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ षड्यंत्र

## अज्ञात लोगों का भ्रामक ऑडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

शाढ़ौरा नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने इस पूरे मामले के संबंध में थाना शाढ़ौरा में शिकायती आवेदन दिया गया है। आवेदन में बताया गया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे नाम की फर्जी ऑडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से शहर में वायरल की जा रही हैं, इस ऑडियो में मेरी कोई आवाज नहीं है इससे पहले भी मेरे खिलाफ कई षड्यंत्र रचे गए जिसमें पूर्व में भी मैंने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।


अशोक माहौर (अध्यक्ष)

उन्होंने बताया कि कई बार मुझे षड्यंत्रकारियों द्वारा धमकियां भी दी गईं जिसको लेकर मैंने पूर्व में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था। वहीं अब इस झूठे मामले में मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही हैं। वायरल ऑडियो में पार्टी के विरोध में मेरी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विरोध में बातें हो रही हैं जिसको लेकर नगर के लोगों में चर्चा का विषय है कि यह आवाज मेरे द्वारा बोली जा रही है।

वह ऑडियो क्लिक मेरी आवाज में नहीं है इस ऑडियो क्लिप से मेरी एवं पार्टी की छवि खराब की जा रही है। वहीं अध्यक्ष अशोक माहौर द्वारा बताया गया कि मैं कभी भी मेरी पार्टी के एवं मेरे वरिष्ठ नेताओं के बारे में ऐसा सोच भी नहीं सकता जिस ऑडियो क्लिप में बताया गया वहीं पहले भी मुझसे मारपीट जैसी घटनाएं हो चुकी हैं जिसको लेकर मेरे द्वारा पूर्व में भी शाढ़ौरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी थीं। वहीं अब इस झूठे ऑडियो के मामले को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी शाढ़ौरा को एक शिकायती आवेदन देकर इन षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा गया।

### 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 03 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य जगदम्बा भोजनालय के पास वाली गली एवं वार्ड क्रमांक 03 मे विभिन्न गलियों मे सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सी.सी. (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज श्रेमती हेमलता धर्मेंद्र रघुवंशी ने समस्त पार्षदो के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, डॉ जयमंडल यादव,विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, धमेन्द्र रघुवंशी, गोपाल ओझा ,मनीष धुरेंटे, योगेश खेरा, डॉ हरवीर रघुवंशी, सनत शर्मा,नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें. नपा अध्यक्ष मानोरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### इस इज्जत के हकदार आप सब हैंः मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी

# 'जीवन हमें खुशियों के इजहार के लिए मिला'

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जीवन हमें खुशीयों के इजहार के लिए मिला है इस इज्जत के हकदार आप सब है हनुमान जी कैसे हमे इज्जत मिलती है वह रास्ता हमें वता रहे हैं। दुनिया भक्तों के बीच में भगवान को देखना चाहते हैं भगवान के भक्त वनने का मतलब यह नहीं है कि तुम मेरी जय जय कार करो, भक्ति का मतलब तुम्हे लोग इज्जत से देखें। तुम्हारे लिए एक विचार आये कि जब भगवान का भक्त ऐसा है तो भगवान कैसा होगा।

यह बात मुनि श्री ने यहां की जिला जेल में बंदियों को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि भगवान जानते हैं कि वह हर जगह नहीं पहुंच सकते इसलिए भगवान भक्तों को भेज देना है। श्री राम दुनिया में इतने नहीं जानें गये सबसे पहले लंका में हनुमानजी पहुंचे और उन्होंने लंका वासियों को दिखा दिया ये तो सभी भक्त हैं जेल तो उन दुश्मनो को वनाई गई है जो देश विरोधी है ये जेल हमारी मातृभूमि को अपना नहीं मानते जिन्हें वंदे मातरम कहने में सर्म आती उन्हें बनाई गई है मुनिश्री ने कहा कि मैं अपराधी के बीच में नहीं आया मैं अपने भाइयों के बीच आया है इतना अंतर क्यों हम सब की मां भारत माता है।



इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि जेलर सहाब कइ बार चातुर्मास कर रहे हैं परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के चरणों में पहुंचकर निवेदन किया कि जेल में बंद कैदियों को भी आपके मंगल प्रवचनों का लाभ मिले पूज्य श्री ने कृपा करके आज आप के बीच पधारे हैं इस दौरान जेलर ललित दीक्षित जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा पूर्व महामंत्री विपिन सिंघई टी आई चैहान सहाब ने आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान जेलर ललित दीक्षित ने कहा कि हम सब पर कृपा करके परम पूज्य संत श्री हमारे बीच पधारे हैं मुझे परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सान्निध्य का लाभ अमरकंटक के निकट डिंडोरी जिला जेल में मंगल प्रवचनो का लाभ मिला था आज इन कैदियों के उद्धार के लिए आपके चरण कई किलोमीटर पैदल चलकर आये है पैरों में कुछ पहनते नहीं है। ऐसे संतो को देख कर मन श्रद्धा से नत मस्तक हो जाता है इस दौरान विपिन सिंघई ने भी बात रखी। इसमें अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास साथ चल रहे थे।



## खबर संक्षेप

### सोनू रघुवंशी बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**शाढ़ौरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को नई मजबूती और



सक्रियता देने के उद्देश्य से प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। कार्यकाल पूरा होने के बाद जमीनी कार्यकर्ताओं को अवसर देते हुए शाढ़ौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्राम कुन्दौरा के निवासी सोनू रघुवंशी को सौंपी गई है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी दलबाग सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतनाम सिंह, रपेज सिंह, मंगा सिंह, तरसेम सिंह ने दूध डेयरी पर दूध के पैसे लेनदेन पर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गुरमेज सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिलबाग, राहुल यादव और कन्हैया यादव ने दूध डेयर पर दूध को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी अजयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर सिंह और संजय यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बाईक को साइड देते समय युवक घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी आदित्य पुत्र मुकेश ओझा उम्र 20 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल और उसके परिजनों ने बताया कि युवक बालाजी मेडिकल अशोकनगर में काम करता है और वह बाईक से अशोकनगर आ रहा था। तथा मलावनी रोड के पास अज्ञात होण्डा साईन बाईक के चालक ने उसकी बाईक पर कट मारा बाईक को बचाते समय वह फिसल गया और वह नीचे गिर गया जिससे उसे चोटे आईं है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## खजाने को समेटने की जरूरत, तूमैन में पुरातत्वीय संपदा का भंडार

# महल में प्रतिमाएं व शिलालेख मौजूद

मनोज जैन ▶▶ अशोकनगर

इतिहास को अपने आंचल में समेटे तूमैन नगरी पुरातत्व महत्व के अद्भुत खजाने को लेकर अपने सीने पर फैलाए बैठी है। लेकिन दुर्भाग्य बस इस खजाने की उचित साज सवार नहीं होने से धीरे-धीरे यह अपना अस्तित्व खोती जा रही है। तूमैन के गर्भ से निकले कई प्राचीन अवशेष यहां ग्रामीणों के घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। समय रहते हैं इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह अंचल इतिहास की एक और धूल भरी चादर अपने ऊपर ओढ़ लेगा।

अशोकनगर जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर बसे ग्राम तूमैन में पुरातत्व का अद्भुत खजाना बिखरा पड़ा है जगह-जगह हुई खुदाई के बाद निकला महल और दीवारें इस बात की कहानी कह रहे हैं कि पुरातत्व नगरी वर्तमान में बसे तूंमैन के नीचे दबी पड़ी है। सागर विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग के एक दल ने वर्ष 1972 में जब अशोकनगर के एसडीएम लक्ष्मीनारायण शर्मा थे और गुना के कलेक्टर वीपी सिंह थे तब शासन की अनुमति से यहां खुदाई की गई थी। इस खुदाई में जैन और हिन्दु शिल्प की कईं प्रतिमाएं मिली थीं। यह प्रतिमाएं और कईं पुरातत्वीय सामग्री आज भी ग्वालियर के गूजरी महल और सागर विश्व विद्यालय में सुरक्षित रखी हुईं हैं।

यहां से प्राप्त शिलालेख और प्रतिमाएं तूमैन की प्राचीनता के प्रमाण हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि इस स्थान का कोई खैर खवाह नहीं होने के कारण यहां की प्रचुर मात्रा में पूरी संपदा वक्त के थपेड़ों में खोती जा रही है। यहां की खुदाई के बाद जो सामग्री मिली है उसके अनुसार सांची के महान स्तूप के निर्माण में योगदान मिलता है गुप्त सम्राट कुमार गुप्त के प्रथम के समय का एक शिलालेख तूमैन में मिला है जो अब ग्वालियर के संग्रहालय में है। इस पर गुप्त सवंत 435 अंकित है। इसमें तुम्बवन का वर्णन है और लिखा है कि कुमार गुप्त प्रथम के शासन काल में तुम्बवन क्षेत्र का शासक घटोत्कच था, यह कुमार गुप्ता का छोटा भाई अथवा पुत्र था जो पूर्वी मालवा पर गुप्त सम्राट की ओर से प्रशासक नियुक्त था। इस





तरह का वर्णन पुरातत्व विभाग के छात्रों द्वारा यहां पर की गई खुदाई के बाद जो पुस्तक प्रकाशित की गई थी उसमें उल्लेख किया गया है।

सोवियत रूस के सेंट पीटर्सबर्ग संग्रहालय में सोने का एक ऐसा सिक्का मिला है जिस पर घटो लेख लिखा है। यह सिक्का गुप्त सम्राटों के सिक्कों जैसा है। इस सिक्के के अग्रभाग पर धनुष वाण धारी राजा खड़ा है गुप्त वंश का राज्य चिन्ह गरुड़ ध्वज भी उस पर अंकित है। राजा के बाएं हाथ के नीचे गुप्तकालीन ब्रम्हामी लिपि में घटो लिखा है। इस सिक्के के पृष्ठ भाग पर कमलासन पर देवी लक्ष्मी बैठीं हैं। यह सिक्का विद्वानों द्वारा घटोत्कच गुप्त काल का माना गया है। जिसका नाम तूमैन से प्राप्त अभिलेख पर अंकित है। इसके अतिरिक्त बिहार की नगरी वैशाली से मिट्टी की पक्की मुहर पर भी घटोत्कच गुप्त का नाम लिखा है। तूमैन में गुप्तकालीन मंदिर का प्रवेश द्वार सुरक्षित है इस द्वार पर विभिन्न कलाकृतियां अंकित है तत्कालीन राजाओं का महल भी इसी जमीन के अंदर दवा पड़ा है। जिसके अवशेष किसी भी जगह से खुलेआम देखे जा सकते हैं यह तत्कालीन राजाओं का पूजा स्थल भी रहा है। यह स्थान मोर्य शासन के पश्चात तूमैन का क्षेत्र सात वाहनों के अधिकार में था तथा उनके पश्चात नागवंश के शासन में रहा, नागों के पश्चात यहां के राजवंश गुप्त वंश तथ गुर्जर प्रतिहार वंश थे। यहां 12वी सदी तक बहु संख्यक मंदिरों और मूर्तियों का निर्माण हुआ। तूमैन में जब सागर विश्व विद्यालय के छात्रों का दल आया था उस समय छात्रों के साथ विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णदत्त वाजपेयी और विभागीय अध्यापकों में डॉ. श्यामकुमार पाण्डेय और विवेकदत्त झा शामिल थे। यहां तीन वर्षों में 8 स्थानों का उत्खनन कराया गया था। इस दौरा एक खदान मोर्य युगीन स्तूप की आंशिक सफाई के लिए लगाई गई। तूमैन गांव के भीतरी भागों में कईं स्थानों की सफाई कराई गयी जहां कईं पाषाण प्रतिमाएं मिलीं। यहां द्वितीय और तृतीय काल की भी प्रतिमाएं मिली हैं। यहां विंध्यवासिनी माता का मंदिर भी दर्शनीय है।

तूमैन में प्राचीन भवनों के निर्माण की दृष्टि से यह काल सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा। यहां कईं जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा और हिन्दु शिल्प की प्रतिमाएं मिली हैं। यहां पंचम से लेकर प्रथम काल के अवशेष खदानों में पाए गए हैं। तूमैन में 3 बौद्ध स्तूपों के अवशेष पाए गए हैं। इस दल को एक स्तूप 12 मीटर ऊंचा और 63 मीटर व्यास का मिला है जो मौर्य युगीन है शेष दो स्तूप उसके बाद के हैं। तूमैन का पुराना नाम तुम्बवन था जो अपभ्रषित होते हाते तूमैन हो गया है कहा जाता है कि तुम्बवन नगरी आज की तूमैन के नीचे दबी हुई है। अशोकनगर के कलेक्टर रहे मुकेश चन्द गुप्ता ने तूमैन का भ्रमण करने के बाद माना था कि यह पुरातत्व विभाग के हिसाब से यह बहुत रिच साइड है। उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया था किन्तु यहां कोई पुरातत्व विभाग से कोई दल नहीं आया। तब तत्कालीन कलेक्टर मुकेश चंद गुप्ता ने यहां वहां लावारिस पड़ी प्रतिमाओं को एकत्रित कर तूमैन की माता के भवन में साइड से रखवाया था ताकि यह प्रतिमाएं खराब न हो सके।

### जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की मनोहारी प्रतिमा

आज भी यहां बड़े-बड़े शिवलिंग और विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां इस स्थान पर हैं। जहां गांव के लोग आज भी पूजा करते हैं उनके घरों के अंदर इस तरह के अंदर इस अनेक अभिलेख से से दूसरी सदी से 12वीं सदी तक के अनेक मंदिरों और बहुजन की मूर्तियां मिलने का प्रमाण मिला है। आठवीं सदी से मुगल काल तक यहां जैन मंदिरों और जैन प्रतिमाओं का निर्माण हुआ तूमैन से प्राप्त सबसे प्राचीन प्रतिमाओं में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की मूर्ति भी है जिसे गांव के लोग बैठा देव के नाम से जानते हैं। यह प्रतिमा अत्यंत मनोहारी है यहां कोई जैन समाज का परिवार नहीं होने से अशोकनगर के जैन परिवारों द्वारा इस प्रतिमा को धूप और वर्षा से बचाने के लिए मंदिर का रूप दिया गया है।

### इस प्राचीन नगर की पौराणिकता को बचाने की जरूरत

इस प्राचीन नगरी की पौराणिकता और ऐतिहासिकता को देखते हुए यह नगरी अभी तक राष्ट्रीय और प्रांतीय मानचित्र पर अंकित नहीं हो सक है। इस नगरी को देखने का सपना संजोय बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं किंतु पर्याप्त जानकारी के अभाव में श्री आनंदपुर चंदेरी,कदवाया, थूवोनजी आदि स्थानों के दर्शन कर लौट जाते हैं। इस दुर्लभ नगरी के स्मृति चिन्हों को सुरक्षित रखने की दिशा में न केवल भारत सरकार के पुरातत्व विभाग को ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि तूमैन का इतिहास सामने आ सके।

### भगवान बलराम की मूर्ति भी अत्यंत दर्शनीय

इसी प्रकार एक बलराम की मूर्ति है जिसका समय ईस्वी प्रथम सती है जिसमें हल मुसल धारी बलराम प्रदर्शित हैं। हल के ऊपर लागूंल बना हुआ है जो बलराम का विशेष प्रतीक है। बलराम की इस प्रतिमा की वेश भूषा मथुरा की कुषाण कालीन प्रतिमाओं से बहुत मिलती जुलती है। यहां पत्थर की दीवार मंडल को गुप्तकालीन स्तंभ 34 साड़ी का सिलावट जैन तीर्थंकर भगवान पारसनाथ की 650 ईसवी पूर्व की ध्यान मुद्रा प्रतिमा प्रतिमाएं हैं। तूमैन गांव का भ्रमण करने के बाद मूर्तियों को देखा गया है। यहां शिवलिंग और जैन दर्शन की अनगिनत मूर्तियां है जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की 8 फीट ऊंची और 4 फीट चैड़ी प्रतिमा पहले आकाश के नीचे क्षेत्र में रहती बाद में इस मूर्ति को मंदिर का आकार दिया गया है यह मूर्ति एक पत्थर के तख्त पर विराजमान है। यह तख्त जमीन के अंदर 8 से 10 फुट की गहराई तक गया है इसके पास में और भी जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां है यह 8 फीट ऊंची है प्रतिमा इस गांव में बैठा देव के नाम से प्रसिद्ध है। तूमैन के बारे में कोई शिलालेख अथवा ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है किंतु समय-समय पर हुई खुदाई और शोध के बाद इस नगरी का नाम प्राचीन साहित्य और अभिलेखों में दिखाई पड़ता है। यहां मौर्य काल के मौर्य युगीन स्तूपों की विद्यमानता के कारण यह प्राचीन नगरी तुम्बवन के रूप में प्रसिद्ध हुई।

### भौंरा गांव से एक गुफा भी दियाधरी तक जाती है

बुद्ध घोष नामक बौद्ध लेखक के अनुसार यह नगर गोंडा नगर के जैसे यमुना की ओर जाने वाले मार्ग पर था बड़ा महल ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ वृद्धि संहिता में इस नगर का उल्लेख किया है। जैन किवदंतियो के अनुसार तुम्बवन को बज्र स्वामी का जन्म स्थान कहा जाता है। मौर्य वंश के सम्राट अशोक के समय से यहां निर्माण कार्य आरंभ हुआ जो गुप्त काल से लेकर मुगल काल तक जारी रहा। कहा जाता है कि यह नगरी तूमैन के शासक तुंगध्वज के नाम से जानी जाती थी बाद में उनके पुत्र मोरध्वज हुए। इसी इलाके में ग्राम भौंरा के समीप बरगद के पेड़ों के झुण्ड हैं जिसे अक्षय वट और नीलगिरी भी कहा जाता है। इस जगह से एक गुफा भी निकली है जो दियाधरी तक जाती है।

## ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरूवार को रघुवंशी समाज के अनेक ग्रामीण जन कलेक्टर के यहां ग्राम पिपरौल तहसील शाढ़ौरा में सर्वे क्रमांक 188/4/1 एवं 2 में पिपरोल के दबंग पार्षद हरिओम कुशवाह और उनके परिवारजनों द्वारा किए गए कब्जे के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे और उक्त भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस मौके पर नथनसिंह, हरवीरसिंह, शिवकुमार, मोहनसिंह, संजय, राजेन्द्र सिंह, सुरेश आदि लोग शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि दिनाक 02/12/2025 को गोदा कुशवाह पुत्र काशीराम कुशवाह की पत्नी की उसका मृत शरीर का दाह संस्कार उक्त लोगों ने वार्ड क्र. 04 शाढ़ौरा निवासी नथन लक्ष्मण सिंह रघुवंशी की निजी एवं सीमांकित भूमि में करवा दिया। जिस से नथन की फसल भी खराब हो गई है। उक्त दवंग लोग नथन सिंह की भूमि पर मरघट बनवाना चाहते हैं। क्योंकी मरघट भूमि एवं नथन सिंह की निजी भूमि सर्वे क्रमांक 189, 190, 191 पर उक्त दबंग कब्जा किए हुये हैं एवं गाँव के लोगों को उक्त निजी भूमि में शौंच के लिए पहुंचा रहे हैं। जिससे खड़ी फसल का नुकसान पहुंच रहा है। जब वह खेती करने के लिए जाते हैं तो आरोपियों द्वारा धमकी दी जाती है ऐसी स्थिति में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### कुएं से पानी लेने पर युवक पर चाचा और भाई ने हमला किया

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी अजयपाल पुत्र मोबतसिंह यादव को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे अजयपाल ने बताया कि वह 4 भाई हैं और खेती सिंचाई के लिए मात्र एक कुआ है इसी कुए से चारों भाई पानी देते है उसमें से तीनों भाईयो ने अपने अपने खेतों में पानी दे लिया गया। जब मैं कुए पर अपने हिस्से का पानी खेत में देने गया तभी चाचा रघुवीर सिंह यादव और उनका पुत्र संजय यादव ने लगभग शाम 5 बजे वहां कुए पर आकर पानी देने रोकने लगे और मुझ पर लाठियों से हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आईं है।

## अपहृत 2 नाबालिगों को मात्र 36 घंटे में भोपाल से किया दस्तयाब



**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना बहादुरपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपहृत हुये 02 नाबालिग बालकों को मात्र 36 घण्टे में भोपाल से दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर को फरियादी नें अपने बालक उम्र 12 साल एंव उसके रिश्तेदार के 16 बर्षीय बालक के घर से बिना बताये कही चले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित कर थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. अरविंद सिंह कछुवाह को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. अरविंद सिंह कछुवाह द्वारा नाबालिग बालकों की त्वरित दस्तयावी हेतु मुखविर तंत्र का सक्रीय कर सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया गया। इसी क्रम मे दिनांक 17.12.2025 रात्रि लगभग 12.00 बजे उक्त दोनो बालको के भोपाल स्टेशन पर होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर रात्रि मे ही तत्काल टीम रवाना कर उक्त नाबालिग बालको को भोपाल से सकुशल दस्तयाव किया गया।

## सोमनाथ गुजरात में 51 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ होने के पश्चात ग्रामवासी अपने घर लौटे

**पिपरई।** सोमनाथ गुजरात में राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित श्री शिव कुमार महाराज जी श्री गुरु आश्रम पिपरा चंदेरी जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश के द्वारा 51 कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन दिनांक 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया गया।

पिपरई नगर के पंडित कपिल कृष्ण शास्त्री जी अपने नगर से जहार



सिंह कुशवाह राजू सुमन प्रणव गौड़ राधापटवा एवं बहुत से यजमान जोड़ों को अपने साथ लेकर सोमनाथ में 51 कुंडी रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा का सभी ने रसपान किया। सभी भक्तगण बहुत खुश है और कह रहे हैं कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं जिन्होंने पृथ्वी के पहले ज्योतिर्लिंग में महायज्ञ एवं श्री रामकथा का आनंद प्राप्त किया हम बहुत खुश हैं हम सभी बाबा सोमनाथ जी का आभार व्यक्त करते हैं।

## श्रीमद् भगवत गीता के स्वाध्याय से व्यक्ति का होता है सर्वांगीण विकास

**अशोकनगर।** मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा ग्राम महू आलमपुर के शिव मन्दिर परिसर में गुरुवार को श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 पुरुषोत्तमयोग का स्वाध्याय करवाया।

गीताव्रती रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए नशामुक्त जीवन जीने और दिनचर्या ठीक रहने की सलाह दी और बताया अध्याय 15 श्लोक 7 से 9 तक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं यह जीवात्मा मेरा ही सनातन अंश है और मन सहित पांचों ज्ञानेंद्रियों आंख ,



कान, नाक जीभ और त्वचा के माध्यम से विषयों का सेवन करता है।

जैसे वायु गन्ध के स्थान से गन्ध को ग्रहण करके ले जाता है वैसे ही इस देह का स्वामी जीवात्मा भी जिस शरीर का त्याग करता है उससे इन मन सहित इन्द्रियों द्वारा जो भी जीवन में अच्छे-बुरे कर्म किए हैं उन्हें सूक्ष्म संस्कार साथ में ग्रहण करके फिर जिस शरीर को प्राप्त होता है उसमें जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान ने आहार, कर्म, बुद्धि, ज्ञान, आत्मा, परमात्मा और सभी विषयों के साथ संसार से मुक्ति का मार्ग बताया है गीता अनुसार आचरण करने से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। महू आलमपुर में स्वाध्याय के आयोजक रावसहाब यादव रहे अगले गुरुवार के आयोजक गोकुल कुशवाह बने। समिति द्वारा गांव गांव स्वाध्याय शुरु करवाया जा रहा है।

## सुंदरकांड पाठ पढ़ने और सुनने से होता है जीवन सुंदरः आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नईसराय के सुरई मैदान में श्री राम कथा के समापन के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय धर्मचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने सुंदरकांड एवं राज तिलक की कथा की महिमा को सुनाया और कहा कि जीवन की तीनों अवस्थाओं को सुंदर करने के लिए सुंदरकांड की कथा सुनना जरूरी है। सुंदरकांड की कथा में हनुमान जी के सर्वगुण संपन्न होने के चरित्रों का वर्णन किया गया है एवं उनके यश का वर्णन किया गया है।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी ऐसे देवता हैं जो बड़े शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं और उनके सेवकों को जीवन में किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं रह जाता। जो काम राम नहीं कर सकते वह हनुमान जी कर देते हैं। माता सीता ने हनुमान जी को अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता होने का आशीर्वाद दिया। वहीं श्री राम भी हनुमान जी के ऋणि हो गए, केवल राम ही नहीं हनुमान जी का पूरा परिवार हनुमान जी का ऋणि हो





गया। हनुमान जी लंका में माता सीता का समाचार लेने के लिए गए तो एक छोटे से मच्छर के समान रूप बनाया उनका यह चरित्र हमारे जीवन में शिक्षा देता है कि व्यक्ति जब छोटा होता है तो भक्ति स्वरूपी सीता उसको प्राप्त हो जाती हैं।

लेकिन आजकल लोग बड़े बनने की चाहत में अहंकारी हो जाते हैं और समाज के लोगों से रिश्ता टूट जाता है। सुंदरकांड की कथा घर-घर होनी चाहिए। देवमुरारी बापू ने कथा को आगे बढ़ाते हुए हैं कहा भगवान श्री राम जी लंका में गए और रावण का वध किया यह कथा हमको यह शिक्षा देती है कि राम जी से बैर करने पर रावण जैसा पराक्रमी और अमर होने के बाद भी उसको मारना पड़ता है। इसी तरह राम से प्रेम करने वाला इंसान जो मृत्यु लोक में जन्म लेता है उसको मारना पड़ता है पर राम से प्रेम करने के बाद वह अमर हो जाता है।

भगवान श्री राम जी रावण का वध कर लंका से अयोध्या लौटे और राज सिंहासन पर बैठे भगवान श्री राम जी के राज्य में कोई दुखी नहीं था। यह विशेषता भगवान श्री राम जी के राज्य की है। पर आज ठीक इसके विपरीत हो रहा है लोग जीना चाहते हैं पर मरने के लिए मजबूर है क्योंकि राम राज्य की कल्पना आज के इंसान के लिए सोच से परे है। इसलिए इस समय राजा राज्य में लोग आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं। सब लोगों को राम कथा सुनना चाहिए जिससे कि अनमोल जीवन को बचाया जा सके।

## मुंगावली बहादुरपुर पिपरई में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कांग्रेस पार्टी ने तीन ब्लाक मुंगावली, बहादुरपुर ओर पिपरई में पुराने ब्लाक अध्यक्षों को बदलते हुए नए नामों की घोषणा की है। पिपरई ब्लाक अध्यक्ष मुकेश लोधी ने बताया कि यह केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि संघर्ष, विश्वास और समर्पण से भरे उस महत्वपूर्ण अध्याय का प्रारंभ है, जिसे आप सभी के साथ मिलकर जीने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ।

मुंगावली ब्लाक अध्यक्ष शोभाराम राजपूत ने कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह संगठन के लिए अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण दौर हे। परिस्थितियाँ कठिन हे, राह आसान नहीं, किंतु संगठन पर अटूट विश्वास, वरिष्ठ नेतृत्व का स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन और पार्टी के कार्यकर्ताओं का निरंतर सहयोग मेरी सबसे बड़ी शक्ति बनेगा। बहादुरपुर ब्लाक अध्यक्ष इसरार खान राजनीति के माहिर हैं और अल्पसंख्यक समुदाय में अच्छी पकड़ रखते हुए ग़दूली से सरपंच भी रह चुके हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर मिलना मेरे जीवन का परम सौभाग्य है। यह विश्वास केवल मुझ पर नहीं, बल्कि उस महान विचारधारा पर था, जिसके लिए हम सभी समर्पित हैं मेरी कोशिश रहेगी। पार्टी के सभी का सहयोग मिले।

## 21 से बिना मानक नंबर प्लेट वाले वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष सघन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, वाहनों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करना तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाना है।

दिनांक 21 दिसंबर 2025 से जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में यह विशेष अभियान प्रभावशील रूप से संचालित किया जावेगा। अभियान के दौरान सम्पूर्ण जिले में पुलिस नियमित जांच एवं निगरानी की जाएगी। जांच के दौरान यदि कोई भी वाहन, बिना नंबर प्लेट के पाया जाता है, अथवा उस वाहन पर निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिकृत नंबर प्लेट नहीं लगी होती है, तो ऐसे वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी वाहन की नंबर प्लेट पर किसी प्रकार का स्लोगन या किसी भी प्रकार का लेखन अंकित पाया जाता है, जो ऐसे सभी नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। यह अभियान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट अथवा गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग प्रायः अपराधों में किया जाता है, जिससे अपराधियों की पहचान में कठिनाई उत्पन्न होती है। इसी कारण से इस प्रकार के वाहनों पर सख्त नियंत्रण आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक, अशोकनगर द्वारा जिले के समस्त वाहन चालकों से अपील की गई है कि वह अपने वाहनों में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नंबर प्लेट लगवाएं तथा यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नंबर प्लेट साफ-सुथरी, पढ़ने योग्य तथा किसी भी प्रकार के अनाधिकृत लेखन एवं सजावट से मुक्त हो।

### हूटर और तेज आवाज सायरनों पर कार्यवाही

जिले में ऐसे भी वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिनके सायलेंसरों से या तो पुलिस के हुटरों जैसी आवाज निकलती है या फिर बुलट वाले वाहनों में कईं वाहन चालकों द्वारा ऐसे हुटर लगा लिए गए है जो शहर में लोगों को परेशानी का कारण बने हैं। खासतौर से जब भी महिलाएं निकलती हैं तब इन वाहन चालकों द्वारा जान बूझ कर हुटरों का उपयोग किया जाता है इन पर भी कार्यवाही हो।

**प्लेट लगाकर रूतबा जताने वालों पर भी कार्यवाही हो** देखने में आ रहा है कि जिले में ऐसे वाहन भी शहर की सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं जिनके द्वारा वाहनों पर बड़े बड़े अक्षरो में अपने नाम और पदों की प्लेट लगाकर रूतवा दिखाया जा रहा है। इस तरह के पद का दुरूपयोग करने वाले कोई सरपंच प्रतिनिधि है या सरपंच है या फिर राजनैतिक दलों के पदाधिकारी हैं उनके द्वारा इस तरह की प्लेट लगाकर बिना नियमों का पालन किए इनका उपयोग किया जा रहा है। इस तरह की प्लेट लगाने वालों पर भी कार्यवाही की जाना चाहिए।

## आगजनी की घटनाओं में निरुपयोगी साबित होंगे ये यंत्र

# ट्रामा सेंटर में लटके हैं एक्सपायरी डेट के अग्निशमन यंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लापरवाहियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी यहां भर्ती प्रसूताओं को बेवजह सीरियय बताकर रेफर कर दिया जाता है तो कभी नसबंदी के लिए आई महिलाओं को तमाम तरह की परेशानियों से जूझने के मामले हालिया सामने आए हैं। ताजा मामले में ट्रामा सेंटर प्रबंधन से जुड़ी एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, आगजनी जैसी संभावित घटनाओं पर काबू पाने ट्रामा सेंटर में लगे हुए अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट करीब सवा माह पहले समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने अभी तक इन अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग करवाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।

### सवा महीने पहले निकल चुकी है डेट

ट्रामा सेंटर में लगे हुए कईं अग्निशमन यंत्रों को पिछली बार 14 नवंबर 2024 को रिफिल करवाया गया था जिन्हें एक साल की अवधि उपरान्त 13 नवंबर 2025 को पुनः रिफिल करवाया जाना चाहिए था, जो कि अब तक नहीं करवाए गए हैं। ऐसे इन अग्निशमन यंत्रों के अंदर भरी हुई कार्बन डायऑक्साइड गैस अपनी मियाद पूरी कर चुकी है जो आग बुझाने में मददगार साबित नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक अग्निशमन यंत्र को उसकी तय अवधि में पुनः रिफिल करवाना अत्यावश्यक होता है भलेंही वे इस्तेमाल किए गए हों या न किए गए हों।




### इनका कहना है

आपने बताया है तो मै आज ही चेक करवा लेता हूं। अगर फायर एक्सिंग्यूसरों की रिफिलिंग अवधि निकल चुकी है तो कंपनी वालों को बुलवाकर उन्हें जल्द ही रिफिल करवा लिया जाएगा।

- **डॉ. देवाशीश मसकोले**, प्रबंधक, जिला अस्पताल, राजगढ़

## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जाट का किया स्वागत



**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर राजकुमार जाट आगर को नियुक्त किया गया है जाट को ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस बनाएं जाने पर बुधवार को रात्रि 8 बजे निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एव पगड़ी पहननाकर स्वागत किया कार्यकर्ताओं में ढोल बजाकर जश्न भी मनाया वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन जाट,राधेश्याम सोनी, भगवान सिंह गोस्वामी ,हनुमंत सिंह गुर्जर, सुरेश सुमन, विष्णु गुप्ता , चंदन गोस्वामी ,अनिल पुष्पद लखनवास ,हेमराज भिलाला, बृजमोहन वर्मा ,सोनू जाट ,राहुल जाट,गोविंद गुजर, विजय सिंह लववंशी सरपंच ,साहित बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के गांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत सम्मान किया।

## कार्य गुणवत्ता से कराने के निर्देश

# पंवार ने सुठालिया में विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शासकीय महाविद्यालय सुठालिया पहुंचकर परिसर में जारी विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल सहित अन्य चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री पंवार ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक बेहतर शैक्षणिक वातावरण का लाभ ले सकें। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित इंजीनियरों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने महाविद्यालय परिसर के विस्तार, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और सुविधाओं के मजबूत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के समय मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी , जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीओ स्वाति डोंगरे, नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा बैठक**

# केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कल ब्यावरा में

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं सशक्तीकरण पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के ब्यावरा (राजगढ़) आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावरा में 20 दिसंबर, शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, सहभागिता तथा वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने कहा कि यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे शपथ ग्रहण समारोह

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। यह शपथ सामाजिक उत्तरदायित्व और पीढ़ियों के बीच संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने का संदेश देगी।

### वॉकाथॉन

स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रतीकात्मक वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्थानीय कलाकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, जिनके माध्यम से समाज में वरिष्ठजनों के योगदान, अनुभव और प्रतिभा का सम्मानपूर्वक उत्सव मनाया जाएगा।

### प्रतीकात्मक राष्ट्रीय वयोश्री योजना कैंप

राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रतीकात्मक रूप से सहायक उपकरण एवं सहायता प्रदान की जाएगी। यह सेगमेंट योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सशक्त जीवन प्रदान करने की है, और यह आयोजन उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

## नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत



**जीरापुर।** नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष माचलपुर एवं जीरापुर का स्थानीय विश्राम गृह में साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया।जहां पर नवनिर्वाचित ब्लांक अध्यक्ष जीरापुर सत्यनारायण सरावत एवं माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा का स्वागत किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने हमें दी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे , पार्टी की गतिविधियों एवं जन हितैषी काम के लिए हमेशा आगे होकर अपनी सहभागिता निभायेंगे। जिला अध्यक्ष पुर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने हमें जो दायित्व दिया उस पर कार्य करेंगे। स्वागत में जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर लिम्बोदा , राजेश शर्मा पटवारी , फुलसिंह गुर्जर पूर्व मण्ड़ी अध्यक्ष माचलपुर, शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली बिल जमा नहीं करने पर विद्युत विभाग की कार्रवाई, गांव की लाइट काटी

**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम सैदाबग, चैड़लिया,फूलपुरा, कांकरिया मीणा आदि ग्रामों में विद्युत विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। विभागीय अमले ने बकाया विद्युत बिलों के चलते ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्रामों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किए जा रहे थे। इसके चलते विभाग को 100 प्रतिशत बकाया राशि वसूली नहीं हो पा रही थी। विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में उपभोक्ताओं को नोटिस व समझाइश भी दी गई थी, साथ ही एक माह के भीतर बकाया राशि जमा कराने की सूचना भी ग्राम में मुनादी कराकर दी गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों द्वारा समय-सीमा तक बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए ट्रांसफार्मर से लाइन काटने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि शासन की समाधान योजना के अंतर्गत बिल में छूट का लाभ लेने



की जानकारी भी दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं होगी, तब तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। कार्रवाई के बाद गांव में अंधेरा छा गया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कार्यवाही के दौरान एई विद्या सागर सिंह,जेई उमेश मिश्रा,शैलेंद्र त्रिपाठी सहित व्यक्ति विद्युत अमला मौजूद रहा ।

## किसानों को यूरिया खाद का व्यवस्थित वितरण किया



**जीरापुर।** किसान खाद की समस्याओं से जूझ रहे थे आयें दिन यूरिया खाद का अभाव महसूस कर रहे ,किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था प्रशासन द्वारा कर खाद वितरण करवाया जा रहा है। खाद वितरण व्यवस्था में सुधार कर पहले किसानों को टोकन जारी कर फिर खाद दिया जा रहा है। ताकि किसान परेशान नहीं हो। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं उपायुक्त राजगढ़ पीएस बारोठिया ने किसानों की सुविधा हेतु विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग सोसायटी एवं खाद गोदाम से व्यवस्थित खाद वितरण व्यवस्था करवाई। जिससे के तहत किसानों को पहले टोकन वितरित किए, तत्पश्चात व्यवस्थित लाइन लगाकर किसानों को एक टोकन पर चार बेग यूरिया खाद दी गई। मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक बीरमसिंह चैहान ने बताया कि यूरिया खाद जिसकी आवश्यकता किसानों को है वह वितरण जारी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर-जीरापुर अंकिता जैन तथा तहसीलदार आरपी सिंह गोंड द्वारा खाद वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखते हुए वितरण के दौरान आकस्मिक निरीक्षण एवं अवलोकन किया जा रहा है।

## संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम की बड़ी जीत



**कुरावर।** नरसिंहगढ़ में 15 दिसंबर को आयोजित सांसद कप कबड्डी टूर्नामेंट में कुरावर संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम ने शानदार और दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में टीम की खिलाड़ियों मानसी हाड़ा, खुशनुमा खान, तनु राय, निहारिका डांगी, आरती कर्नोदिया, कनक साहू और पलक पवार ने जबरदस्त खेल भावना, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का परिचय दिया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम रहा कि टीम ने यह बड़ी जीत अपने नाम की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अब होली एंजेल्स स्कूल की यह विजेता टीम राजगढ़ जिले में होने वाले अगले मुकाबले के लिए पूरे जोश, आत्मविश्वास और जीत के इरादे के साथ तैयारी कर रही है।

# इंदरसिंह लववंशी बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**ब्यावरा ।** एक साधारण कार्यकरता को असाधारण बनाने का काम सिर्फ भाजपा पार्टी ही कर सकती है इष्ट मित्रो में हर्ष व्याप्त है और रात्रि से ही बधाई देने वालो का ताता लग गया है । इन्दरसिंह लववंशी एक गांव से आते हैं ये समाज के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा और वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य के पद पर जानता की सेवा कर रहे हैं ।पार्टी ने जो मुझे भाजपा जिला उपाध्यक्ष का पद प्रदान किया है यह मेरा परम सौभाग्य है।जिला उपाध्यक्ष का पद एक बड़ा दायित्व है।मैं भाजपा केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेल वाल जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर राजगढ़ जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्र के विधायक एमपी सरकार के मंत्री नारायणसिंह पंवार गौतम टेंटवाल जी विधायक मोहन शर्मा हजारीलाल दांगी अमरसिंह यादव जी कार्यकारिणी तथा संगठन को हृदय से बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं ।में पार्टी की रीति नीति और सिन्धांतों का पूर्ण निष्ठा से पालन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करूंगा।अपने से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद मिलता रहे ।

### नगर अध्यक्ष बने साहू

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर रवि साहू की नियुक्ति हुई।

## कालीपीठ में लोगों को किया जागरुक, बनाई मानव श्रृंखला

# कुप्रथाओं को मिटाने अनवरत जारी है जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल-सगाई, बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा जैसी कुप्रथाओं को समूल समाप्त करने 100 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसके लिए ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां बाल-विवाह की संख्या ज्यादा दर्ज की गई है। इसी कड़ी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालीपीठ में आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान ने बाल-विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बाल-विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू हो सके जिसके अनुसार लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 181 या कन्ट्रोल रूम के नंबर 07372-254360 पर दी जा सकती है।



कार्यक्रम में बाल-विवाह नातरा झगड़ा विषय पर बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। कुप्रथाओं को लेकर बालक-बालिकाओं से भी संवाद करते हुए कहा गया कि आप समाज की धुरी है। आप से ही आज और कल है। आप स्वस्थ होंगी तभी समाज भी स्वस्थ होगा।

### अलग-अलग वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर प्रेमलता गुप्ता ने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होने की आशंका हो तो उसकी सूचना किस प्रकार और किन माध्यमों से दी जा सकती है। स्कूल प्राचार्य हेमलता कुशवाह द्वारा बताया की हमें जिले से आए अधिकारियो से सीख लेना चाहिए और सामाजिक कुप्रथा से लड़ना चाहिए। अंत में स्कुल प्राचार्य द्वारा बाल-विवाह मुक्त कालीपीठ के लिए उपस्थितों को शपथ दिलवाई गई।

## राज्य मंत्री टेटवाल ने मप्र खो-खो टीम को अयोध्या के लिए किया रवाना



**सारंगपुर।** शालेय राष्ट्रीय स्तरीय खो-खो 17 वर्ष आयु वर्ग बालकद-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 20 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से 24 खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए चयनित खिलाड़ियों ने 13 से 18 दिसंबर तक सारंगपुर में आयोजित नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेकर गहन अभ्यास किया। कैंप पूर्ण होने के पश्चात चयनित खिलाड़यों एवं कोच का मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

# जरूरतमंद को कंबल किए वितरित निरंतर किया जा रहा सेवा कार्य

## गो शरण मंडल 10 वर्षों से कर रहा जन कल्याण के कार्य



**ब्यावरा।** नर सेवा ही नारायण सेवा को सार्थक कर रहे, वर्तमान में कम्बल वितरण अभियान चला रखा है जो कि समाज के जरुरतमंदो तक गर्म वस्त्र वितरित कर रहे। नगर की सामाजिक धार्मिक पंजीकृत संस्था गो शरण भक्त मंडल कथाप्रवक्ता पंडित सतीश नागर के सानिध्य में पिछले 10 वर्षों से सेवा कार्य किया जा रहा है। समय समय पर समाज के बीच जाकर नशामुक्ति अभियान, पौधरोपण अभियान, गो सेवा, राष्ट्रसेवा जैसे कार्यो में समर्पित है। गर्म वस्त्र वितरण अभियान के अवसर पर संत रोहित नागर, प्रदीप शर्मा, रामगोपाल मीना, आचार्य द्वारकाप्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी राजेन्द्र पराशर, ब्रजेश त्रवेदी, मोहन गुर्जर, सुरेश यादव, पीडी, रामेश्वर दांगी, ब्रजमोहन शर्मा, मुकेश कुशवाहा, कमल गोड़, मनीष मीना, संजय मीना, मुकेश बेंजो आदि उपस्थित रहे।

### हजारों पौधे बन चुके पेड़

गो शरण भक्त मंडल द्वारा पिछले कई सालों से सामाजिक धार्मिक और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं जो अब पेड़ की शक्ल ले चुके हैं। इतना ही नहीं गो शरण भक्त मंडल द्वारा गोवंश का संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

## सुबह 9 बजे धूप निकलने तक छाया रहता है घना कोहरा

# रोजाना लुढ़क रहा जिले का न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दिसबंर का मध्यान्तर शुरू होते ही जिले के न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट नजर आ रही है। बीते दस दिनों की बात करें तो 5 डिग्री के आसपास घूम रहा न्यूनतम तापमान अब लुढ़कते हुए 4.6 डिग्री तक आ चुका है। मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में और अधिक भीषण ठंड का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। हालांकि, इस बार की ठंड तरह-तरह से करवट ले रही है। सुबह 9 बजे धूप निकलने तक जहां घना कोहरा छाया रहता है वहीं पूरे दिन निकल रही धूप के चलते लोग राहत की सांस ले पा रहे हैं। हालांकि, शाम होने के बाद से ही न्यूनतम तापमान में पुनः गिरावट शुरू दर्ज की जा रही है।

### अलाव जलवाने में गो सेवक आगे पर नपा भूली

रात्रि के समय गोवंश को भीषण ठंड का सामना न करना पड़े इसके लिए गोसेवकों द्वारा नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावा जलवाने की व्यवस्था प्रतिदिन करवाई जा रही है। हालांकि, नगर पालिका द्वारा ठंड में नगर के सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए जाने वाले अलाव इस बार अभी तक शुरू नहीं करवाए गए हैं।



**बीते 7 दिन में जिले का न्यूनतम तापमान**

(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 18 दिसंबर | 4.6 |
| 17 दिसंबर | 4.4 |
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |